	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर **Indian Institute of Technology Bhubaneswar**

प्रेस विज्ञप्ति

आईआईटी भुवनेश्वर में हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन

भुवनेश्वर, 07 मार्च, 2025: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भुवनेश्वर ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तीन सदस्यीय निरीक्षण दल का स्वागत करते हुए एक विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया। इस निरीक्षण दल का नेतृत्व श्री जगदीश राम पौरी, निदेशक (राजभाषा) ने किया, जिनके साथ श्रीमती रेखा रानी, सहायक निदेशक, और श्रीमती नीतू कुमारी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर राजभाषा एकक द्वारा "राजभाषा नीति और उसका कार्यान्वयन" विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री जगदीश राम पौरी ने राजभाषा नीति के महत्व और उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्थानों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक सशक्त संकल्पना है जो प्रशासन और शिक्षण दोनों में समान रूप से प्रभावशाली भूमिका निभा सकती है।

कार्यशाला की अध्यक्षता आईआईटी भुवनेश्वर के कुलसचिव श्री बामदेव आचार्य ने की। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने संस्थान की ओर से राजभाषा के नवोन्मेषी प्रयोगों और इसके प्रभावी अनुपालन की प्रतिबद्धता को दोहराया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भुवनेश्वर के सदस्य भी इस कार्यशाला में सक्रिय रूप से सहभागी हुए। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक प्रभारी (राजभाषा), डॉ. चेतन ने कुशलता से किया। वहीं, प्रभारी हिंदी अधिकारी श्री संभूनाथ साहू ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और श्री हेमंत कुमार यादव, हिंदी अनुवादक ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

यह कार्यशाला राजभाषा नीति के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उसके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।